# प्रेस नोट थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर दिनांक 13.08.2024

## चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बांसगांव के नेतृत्व में उ0नि0 रावेन्द्र पाल मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 65/2024 धारा 379 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त सत्येन्द्र यादव को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 01 अदद ट्राला व 01 अदद इंजन(घोड़ा) व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाईल बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411,414,420,467,468,471,120बी भादवि की बढोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 20.02.2024 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की ट्रेलर गाड़ी का ट्राला एच0पी0 पेट्रोल पम्प डिघवा से चोरी कर लेने के संबंध में दिये गये तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

सत्येन्द्र यादव पुत्र वेदप्रकाश यादव निवासी माड़ापार थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 65/2024 धारा 379,411, 414,420,467,468,471,120बी भादवि थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

एक अदद ट्राला व एक अदद इंजन(घोड़ा) व एक अदद मोबाईल

**गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 रावेन्द्र पाल थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अभिजीत उपाध्याय थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
3. का0 अशोक कुमार गौड़ थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
4. का0 संजीव कुमार सिंह थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर